


# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के निवास में हुई गोधन की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू आज भिलाई स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर आयोजित गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पूजा कार्यक्रम में परंपरागत विधि से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। विधायक श्री साहू ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, गौ-सेवा और सहयोग की भावना से जोड़ती है। यह त्यौहार समाज में एकता और सेवा की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश की भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे बिजली बिल हाफ योजना और गोधन न्याय योजना - को बंद कर जनता के हितों पर आघात पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय आम जनता को राहत मिली थी, किसान और गौपालक सशक्त हुए थे, लेकिन अब व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों ही मंदी के दौर से गुजर रहे हैं।

विधायक श्री साहू ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने गांव, गौ, किसान और संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दी थी। आज जब इन योजनाओं को बंद किया जा रहा है, तब कांग्रेसजन जनता की आवाज उठाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। पूजा उपरांत विधायक श्री साहू एवं उपस्थित जनों ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया और प्रदेश की उन्नति की मंगलकामना की।

## भानपुरी में रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता 24 को

**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में राज्यस्तरीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता 24 अक्टूबर शुक्रवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 15001 रु., द्वितीय 10001 रु., तृतीय पुरस्कार 7001 रु. एवं प्रवेश शुल्क 501 रु. रखा गया है। इसी प्रकार बेस्ट कैचर में होम थिएटर, बेस्ट रेडर के लिए एलईडी टीवी और ऑलराउंडर के लिए रेंजर साइकिल का पुरस्कार रखा गया है।




# अंग्रेजी शराब, मोटर साइकिल सहित दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- बोराई पुलिस ने की कार्रवाई

जिला धमतरी के नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर क्षेत्र अंतर्गत थाना बोराई पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन के मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जिसमे कुछ लोगों द्वारा थाना बोराई, के आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सियाराम सोरी पिता सोभाराम और घनश्याम पिता बुधराम, दोनों निवासी खल्लारी, विकासखंड कोयली बेड़ा, जिला कांकेर, के विरुद्ध अवैध शराब परिवहन के आरोप लगाए गए हैं।



कार्यवाही के दौरान टीम ने मौके पर 1 देशी शराब की 10 बोतलें (मूल्य11,240) तथा किंगफिशर बीयर की 24 बोतलें (मूल्य 4,500) जब्त कीं। साथ ही, शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (सीजी 27 एच 7725) भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 30,000 बताई जा रही है। अबकारी अधिनियम 34 (2)36.59(ए) की संबंधित धाराओं के अंतर्गत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है।



## सिलौटी स्कूल में हुआ सुआ नृत्य

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में हमारी संस्कृति हमारी धरोहर के तहत धनतेरस पर्व पर सामूहिक सुआ नृत्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश, अजय यादव, जयनारायण सोनवानी, संतोष जैन, संतोष ध्रुव, चम्पेश्वर साहू, युगल सेन, निर्भय साहू, हुलास साहू, नीलम साहू, हितेश साहू, चित्ररेखा यादव, आर पोर्ते, भोजराम साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






# समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, देवउठनी एकादशी एवं राज्योत्सव की हार्दिक बधाई




## सुशासन तिहार पर मुख्यमंत्री की सौगात

- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए दी 213 करोड़ रूपये के कार्यो की सौगात
- धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ रूपये, एक सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ 50 लाख रूपये
- सिहावा चौक से कोलियारी तक फोरलेन सड़क निर्माण 5 किलोमीटर के लिए 69 करोड़ रूपये
- रत्नाबांधा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क के लिए 56 करोड़ रूपये
- धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग नवीनीकरण और मजबूतीकरण के लिए 60 करोड़ रूपये की घोषणा ।

## कन्हारपुरी में प्रदेश का सबसे बड़ा अमृत सरोवर

- जिले के सभी विकासखंडों में कुल 119 अमृत सरोवर निर्मित
- कन्हारपुरी स्थित मुरा तालाब प्रदेश का सबसे बड़ा अमृत सरोवर जिसका कुल रकबा 09 एकड़
- जल संरक्षण को बढ़ावा देने रेलवे के साथ एग्रीमेंट कर निकाली गई तालाब की मिट्टी
- सालभर बना रहा भूजल स्तर और मिली निस्तारी सुविधा
- गहरीकरण के बाद तालाब की जलधारण क्षमता 32 हजार 400 घनमीटर से बढ़कर हुई 57 हजार
- 800 घनमीटर तालाब के आसपास के 70 एकड़ की फसल में सिंचाई सुविधा।

## मां अभियान

- महानदी उद्गम स्थल नगरी-सिहावा सहित आसपास के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने मां अभियान शुरू
- 2 हजार से अधिक लोगों ने श्रमदान कर की नदी तटों की सफाई
- श्रृंगी ऋषि पर्वत, कर्णेश्वर महादेव मंदिर तथा गणेश घाट सहित अन्य पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प
- पर्यटन से रोजगार की संकल्पना होगी साकार
- मोर गांव-मोर पानी की अवधारणा होगी
- नदी का जल स्तर बढ़ने से क्षेत्र में पानी की समस्या से मिलेगा छुटकारा
- महानदी के ड्रेनेज लाईन के उपचार से नदी के प्राकृतिक प्रवाह की बाधा होगी दूर।

## मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र

- बाला कॉन्सेप्ट पर आधुनिक 134 आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति
- बाला कॉन्सेप्ट पर आधारित आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति में धमतरी प्रथम जिला
- कमार विशेष पिछड़ी जनजाति बहुत क्षेत्र को प्राथकिता
- आंगनबाड़ी केन्द्रों की दीवारों पर रंग-बिरंगे आकर्षक फलों, फूलों, सब्जियों जानवरों के चित्र सहित गिनती, वर्णमाला
- बच्चों को खेल-खेल में दी जा रही स्वास्थ्य, साफ-सफाई आदि की जानकारी
- खेल-खेल में भाषायी ज्ञान, बोलने के तरीके, अंक ज्ञान, जंगली और पालू जानवरों सहित फल-फूल-सब्जियों की कराई जा रही पहचान
- बच्चों को दी जा रही संस्कार और रीति-रिवाजों की जानकारी

## युवा कार्यक्रम

- कम अविध के नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण से युवाओं का होगा कौशल विकास और वैल्यू एडिशन
- डिजिटल मार्केटिंग, फोटोग्राफी, ग्राफिक्स डिजायनिंग, फ्री-लांसिंग, एआई टेक्नॉलॉजी, फायनेंस मैनेजमेंट, सायबर सुरक्षा, कुकिंग-बेकिंग, मेकअप और ब्यूटिशियन, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक रोजगारोनमुखी क्षेत्रों में मिलेगा प्रशिक्षण
- 6 हजार से अधिक युवाओं ने कराया ऑनलाईन पंजीयन
- प्रशिक्षण के बाद रोजगार और स्वरोजगार के लिए डीपीआर बनाने से लेकर बैंक ऋण दिलाने तक में मिलेगी सहायता।

## युवा स्टार्टअप शिविर

- युवाओं को अपना स्टार्टअप शुरू करने में सहायता देने के लिए शिविर शुरू
- स्टार्टअप के लिए योजना बनाने, चलाने, मार्केटिंग एक्सपोजर विजिट आदि की व्यवस्था
- जिले में कृषि ईको टूरिज्म, वनोपज, आदिवासी संसाधन और सांस्कृतिक पर्यटन जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं
- शिविरों के माध्यम से युवाओं को सफल उद्यमियों द्वारा दिया जा रहा मार्गदर्शन
- डीपीआर बनाने, बैंक ऋण दिलाने, स्टार्टअप स्थापित करने, उसका संचालन करने तथा उत्पादन की मार्केटिंग आदि की भी दी जा रही पूरी जानकारी
- अब तक लगभग 500 युवा उद्यमियों ने शिविरों में की भागीदारी

## नया मिल्क रूट होगा विकसित

- जिले में 68 दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत, लगभग 30 हजार दुग्ध उत्पादक संग्राहक जुड़े
- पिछले 2 महीने में 20 नई समितियां गठित, कई अक्रियाशील समितियों को किया सक्रिय
- दैनिक दुग्ध संग्रहण साढ़े 6 हजार लीटर प्रतिदिन से बढ़कर पहुंचा 10 हजार लीटर, 15 हजार लीटर तक पहुंचाने का लक्ष्य
- समितियों में समय पर भुगतान के लिए माइक्रो एटीएम की सुविधा

## प्रगति का पैमाना पीएम जनमन योजना

- कमार विशेष पिछड़ी जनजाति के 1 हजार 920 परिवारों के 7 हजार 42 सदस्य पीएम जनमन योजना से लाभान्वित
- 7110 आधार कार्ड, 2020 राशन कार्ड, 608 किसान क्रेडिट कार्ड, 6848 आयुष्मान कार्ड, 3736 जनधन खाता, 2148 जन्म प्रमाण पत्र व 1950 प्रमाण पत्र जारी
- 789 प्रधानमंत्री आवास निर्माण, 639 को मिला पेंशन योजनाओं का लाभ

एक अधिकारी, जिला - धमतरी, छत्तीसगढ़

